# कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन, 6वॉं तल उ0प्र0, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3/पी0जी0/2022/ लखनऊःदिनांक 25 मार्च,2022

**यू0पी0 नीट पी0जी0–2021 के मॉप–अप राउन्ड हेतु समय–सारिणी तथा आवश्यक दिशा–निर्देश**

राजकीय/निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों/संस्थानों/विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा) तथा डी0एन0बी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु माप–अप राउन्ड की समय सारिणी निम्नवत् हैः–

| कंस | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा) प्रारम्भ होने की तिथि | दिनांक 26 मार्च 2022 (अपरान्ह 2:00 बजे) से दिनांक 29 मार्च 2022 तक (अपरान्ह 2:00 बजे तक) |
| 2 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन (डी0एन0बी0) प्रारम्भ होने की तिथि | दिनांक 26 मार्च 2022 (अपरान्ह 2:00 बजे) से दिनांक 29 मार्च 2022 तक (अपरान्ह 2:00 बजे तक) |
| 3 | मेरिट लिस्ट (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा तथा डी0एन0बी0) जारी किये जाने की सम्भावित तिथि | दिनांक 30 मार्च 2022 |
| 4 | राजकीय मेडिकल कालेजों (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा) की सीटों पर आवंटन की तिथि | दिनांक 05 अप्रैल 2022 |
| 5 | राजकीय मेडिकल कालेजों (डी0एन0बी0) की सीटों पर आवटन की तिथि | दिनांक 06 अप्रैल 2022 |
| 6 | निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों की सीटों पर आवंटन की तिथि (एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा ) | दिनांक 07 अप्रैल 2022 से 08 अप्रैल 2022 तक |
| 7 | प्रवेश लेने की तिथि | आवंटन की तिथि को ही प्रवेश प्रकिया सम्पन्न होगी। On Spot Admission |

मॉप–अप राउन्ड में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को रू0 2000/– पंजीकरण शुल्क ऑन–लाइन प्रकिया से नेट बैंकिग/डेबिड कार्ड/केडिट कार्ड के माध्यम से जमा करते हुये एन0आई0सी0 की वेब–साईट *https://upneet.gov.in* पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा तथा डी0एन0बी0 की कांउसिलिंग हेतु पृथक–पृथक पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

मॉप–अप राउन्ड का आयोजन **के0जी0एम0यू0 लखनऊ के कलाम सेंटर में किया जायेगा। अभ्यर्थी 05 अप्रैल 2022 को पूर्वान्ह् 11:00 बजे एवं शेष तिथियों में पूर्वान्ह् 10:00 बजे रिपोर्ट करेगे।**

मॉप–अप राउन्ड हेतु वही अभ्यर्थी अर्ह होगे, जिन्हे यू0पी0 नीट पी0जी0 2021 की प्रथम एवं द्वितीय कांउसिलिंग के द्वारा कोई भी सीट आवंटित न हुई हो।

यू0पी0 नीट पी0जी0 2021 की प्रथम या द्वितीय कांउसिलिंग से आवंटन प्राप्त प्रवेशित/अप्रवेशित/त्याग पत्र देने वाले अभ्यर्थी मॉप–अप राउन्ड हेतु अर्ह नही है।

ऐसे अभ्यर्थी जो भारतवर्ष के किसी मेडिकल कालेज/संस्थान/विश्वविद्यालय में नीट पी0जी0–2021 के माध्यम से प्रवेशित है वह मॉप अप राउण्ड हेतु अर्ह नहीं होगे।

**राजकीय क्षेत्र की सीटों हेतु रू0 30,000/– (रू0 तीस हजार मात्र), निजी क्षेत्र की एम0डी0/एम0एस0/डिप्लोमा की सीटों हेतु रू0 200,000/– (रू0 दो लाख मात्र) की सिक्योरिटी धनराशि का बैंक ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 (Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow के पक्ष में देय हो, को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। सिक्योरिटी धनराशि किसी भी दशा में नकद (Cash) में नही जमा की जायेगी।**

ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सिक्योरिटी धनराशि पूर्व की काउंसिलिंग से जमा है, उन्हे पुनः सिक्योरिटी धनराशि जमा करने की आवश्यकता नही है।

- मॉप–अप राउन्ड के समय अभ्यर्थी को समस्त शैक्षणिक, जाति प्रमाण पत्र व अन्य आवश्यक प्रपत्र मूलरूप में प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में आवंटन/प्रवेश पर विचार नही किया जायेगा।
- निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेज/विश्वविद्यालय में क्लीनिकल सीटों हेतु शिक्षण शुल्क रू0 20.00 लाख तथा पैथालॉजी पाठ्यक्रम हेतु रू0 8.00 लाख का बैंक ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 **(Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow** के पक्ष में देय हो, आवंटन के समय के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है, अन्यथा की स्थिति में प्रवेश पर विचार नही किया जायेगा।
- शासनादेश दिनांक 08.12.2021 के द्वारा निर्धारित सिक्योरिटी शुल्क, हास्टल शुल्क तथा विविध शुल्क का सी0टी0एस0 बैंक ड्राफ्ट जो महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 **(Director General Medical Education & Training,U.P) Payable at Lucknow** के पक्ष में देय हो, को प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
- निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजो की निर्धारित शिक्षण शुल्क के अन्तर की धनराशि आवंटित/प्रवेशित मेडिकल कालेज अथवा महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 के खाते में ऑनलाईन जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
- उक्त दिशा–निर्देशों के अतिरिक्त यू0पी0 नीट पी0जी0 2021 हेतु निर्गत शासनादेश दिनांक 07.10.2021 तथा ब्रोशर में उल्लिखित निर्देशों का अनुपालन करते हुये मॉप–अप राउन्ड सम्पन्न किया जायेगा।
- मॉप–अप राउन्ड की कार्यवाही सीटें उपलब्ध रहने तक ही की जायेगी।
- अन्य महत्वपूर्ण सूचनायें एवं विस्तृत विवरण वेबसाईट ***https://upneet.gov.in & www.dgme.up.gov.in*** पर देखी जा सकती है। अद्यतन सूचनाओं की जानकारी हेतु समय–समय पर उक्त वेबसाईट का अवलोकन करते रहें।

महानिदेशक

संख्या–एम0ई0–3/पी0जी0/2022/697 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, मा0 राज्य मंत्री जी, चिकित्सा शिक्षा, उ0प्र0 शासन।
3. प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–4
4. निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ कि उपर्युक्त विज्ञप्ति को वेबसाईट ***https://upneet.gov.in*** पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
5. रजिस्ट्रार, के0जी0एम0यू0, लखनऊ/उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, निदेशक, डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल सांइसेज, लखनऊ, तथा प्रधानाचार्य/निदेशक, राजकीय मेडिकल कालेज, निजी क्षेत्र के मेडिकल/विश्वविद्यालय को इस आशय से कि उक्त विज्ञप्ति को अपने कार्यालय के नोटिस बोर्ड तथा वेबसाईट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करे।
6. मेसर्स. कुशाग्र एडवरटाईजिंग, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना दैनिक समाचार पत्र दैनिक जागरण के कानपुर, गोरखपुर तथा झॉंसी, दैनिक हिन्दुस्तान के लखनऊ, प्रयागराज तथा वाराणसी एवं अमर उजाला के लखनऊ, आगरा, मुरादाबाद, अलीगढ, मेरठ तथा बरेली के संस्करणों में **दिनांक 26.03.2022** को सूक्ष्म अक्षरो, न्यूनतम स्थान एवं शासकीय दरों पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें। प्रकाशनोपरान्त प्रकाशित प्रतियों सहित बिल 02 प्रतियों में भुगतान हेतु इस कार्यालय में प्रस्तुत करे।
7. सम्बद्ध अधिकारी, चिकित्सा शिक्षा को इस अनुरोध के साथ कि उक्त सूचना विभाग की वेबसाईट ***www.dgme.up.gov.in*** पर प्रदर्शित करने का कष्ट करे।
8. प्रभारी अधिकारी, के0जी0एम0यू0, कलाम सेंटर लखनऊ को इस निर्देश साथ कि दिनांक 05.04.2022 से 08.04.2022 तक के लिये कलाम सेंटर आरक्षित एवं आवश्यक व्यवस्था करने का कष्ट करें।
9. आहरण–वितरण अधिकारी/कैशियर चिकित्सा शिक्षा।
10. शिविर सहायक, महानिदेशक महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
11. नाजिर, चिकित्सा शिक्षा।

महानिदेशक
चिकित्सा शिक्षा